COOP

Phone :- 0612-2219819
Fax :- 0612-2232377
E-mail :- biscomaun@gmail.com
info@biscomaun.co.in

बिहार राज्य सहयोग क्रय-विक्रय संघ सीमित
(बिस्कोमान)
बिहार एवं झारखण्ड
छठा तल, बिस्कोमान टॉवर, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना-800001

Ref. No. बैठक/225/एम–774 Date:- 05/10/2024

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी,
सभी प्रभारी कृषक सेवा केन्द्र
बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड)।

विषयः– बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के सामान्य निकाय/निदेशक मंडल के गठन हेतु सम्बद्ध वैध सहकारी समितियों से प्रतिनिधियों का नाम प्रेषित कराने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आप सभी अवगत है कि सहकारी निर्वाचन प्राधिकार सहकारिता मत्रांलय, नई दिल्ली की पत्रांक–CEA/12011/25/2024 दिनांक–20.09.2024 के आलोक में बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के सामन्य निकाय/निदेशक मंडल की गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ है। निर्वाचन की प्रक्रिया अंतर्गत सर्वप्रथम बिस्कोमान से सम्बद्ध सहकारी समितियों से प्रतिनिधि का नाम प्रेषित करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–बैठक/225/एम–711, दिनांक 27.09.2024 सभी समितियों को निबंधित डाक से प्रपत्र के साथ प्रेषित की गई है, जिसकी प्रति बिस्कोमान के विभागीय बेबसाइट www.biscomaun.co.in पर उपलब्ध है। साथ ही इस आशय की सूचना दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से भी प्रकाशित कर संसूचित की गई है।

बिहार एवं झारखण्ड राज्य के बिस्कोमान से सम्बद्ध सहकारी समितियों की सूची शेयर राशि के साथ–साथ पत्र एवं प्रपत्र का नमूना बिस्कोमान के बेबसाईट–www. biscomaun.co.in पर प्रदर्शित है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है।

अतः निर्वाचन प्रक्रिया में बिस्कोमान से सम्बद्ध सभी वैध सहकारी समितियाँ जिनकी कुल संख्या–1411 है, की भागीदारी शत–प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु आप सभी को निदेश दिया जाता है कि अपने अधीनस्थ जिला/क्षेत्र के बिस्कोमान से सम्बद्ध सभी सहकारी समितियों को अपने स्तर से भी दूरभाष/व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर, निदेशित प्रावधान का अनुपालन करते हुए प्रतिनिधियों का नाम यथाशीघ्र बिस्कोमान मुख्यालय, पटना में भेजवाना सुनिश्चित करेंगे। कृपया इसे आवश्यक समझें।

05.10.24

प्रबंध निदेशक